# डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0

(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2026/2562 दिनांक:31 जनवरी, 2026

सेवा में,

**निदेशक/प्राचार्य,**

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध बी0फार्म पाठ्यक्रम संचालित

करने वाली समस्त संस्थायें।

विषयः विश्वविद्यालय की सत्र 2025-26 के विषम सेमेस्टर के बी0फार्म पाठ्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के कैरी ओवर विषयों के छात्र/छात्राओं की परीक्षाओं हेतु फार्म भरे जाने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025-26 के विषम सेमेस्टर के बी0फार्म पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर (कैरी ओवर विषयों) के छात्र/छात्राओं की परीक्षायें सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में लिखित परीक्षायें दिनांक 03 फरवरी, 2026 से दिनांक 11 फरवरी, 2026 तक ऑफ-लाइन मोड मे आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है।

**उक्त परीक्षाओं में बी0फार्म पाठ्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के कैरी ओवर विषयों के परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं हेतु दिनांक 31 जनवरी, 2026 से दिनांक 02 फरवरी, 2026 तक परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये हेतु ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में अपने स्तर से जानकारी/सूचित करते हुए निर्धारित समय तक प्रत्येक दशा में परीक्षा फार्म भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का कष्ट करें।

भवदीय

31.01.26

( डॉ0 अमित मेधावी )
का0 परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. सुश्री सादिका कौसर, प्रोग्रामर, सी0ए0एस0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

( डॉ0 अमित मेधावी )
का0 परीक्षा नियंत्रक